an>

Title: Need to restore the stoppage of various trains at Mukeyria and Dasuwa in Hoshiyarpur Parliamentary Constituency, Punjab.

श्री विजय सांपला (होशियारपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र होशियारपुर पंजाब में स्थित मुकेरिया व दसुआ रेलवे स्टेशन पर कई दैनिक यात्री मेल/एक्सप्रेस रेल गाड़ियों का ठहराव बंद कर दिया गया है जिससे वहां के व आसपास के क्षेत्र के निवासियों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अपनी आजीविका व अन्य कार्यों के लिए आसपास व दूरस्थ शहरों में अक्सर आवागमन रहता है। रेलगाड़ी यात्रा का सुगम व सस्ता साधन होने के कारण अधिकतर जनता इसका उपयोग करती है। इसलिए मैं सदन के द्वारा आग्रह करना चाहूंगा कि जिन रेलगाड़ियों का ठहराव मुकेरिया व दसुआ रेलवे स्टेशन पर बंद कर दिया है उनका ठहराव पहले की भांति सुनिश्चित करवाया जाए। जिससे वहां की जनता अपने गंतव्य तक सुविधापूर्वक व समय की बचत कर आवागमन कर सकें।